एक नजर में

नगर निगम द्वारा सिंधी बस्ती तथा चौराहे पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया, 5000 जुर्माना वसूला

बुरहानपुर। नगर निगम ने शनिवार को सिंधी बस्ती चौराहा तथा सिंधी बस्ती में दुकानों द्वारा दुकान के बाहर सामान रख अतिक्रमण किया गया था आज उसे निगम टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अतिक्रमण कर रखे सामान को भी जब्त किया गया है। दुकानदार को भविष्य में अतिक्रमण न करने को लेकर चेतावनी भी दी गई है। दुकानदार को नगर निगम की तरफ से पूर्व में सूचना जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। उसके बाद भी दुकानदार ने सड़क किनारे किए अतिक्रमण को नहीं हटाया। इसके चलते शनिवार को नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई की है। अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भरका देवी आइसक्रीम से सामान जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई तथा शालीमार आइसक्रीम वालों का 5000 का चालानी कार्रवाई कर यहां सामान जप्त किया। नगर निगम के अधिकारियों ने साफकिया कि अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण के चलते आए दिन आम जन को परेशानी झेलनी पड़ती है। साथ ही पैदल चलने वाले लोगों के मजबूरी में सड़क पर चलना पड़ता है। इससे कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं। शहर के प्रमुख बाजारों में भी नगर निगम आगामी दिनों में इस अभियान को चलाएगा ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी संजय तिवारी सुखलाल मसाने आशीष तायड़े आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

गुजराती समाज में एक महीने में 15 लोगों की मौत,समाजजन ने अभिषेक,हवन, यज्ञ कराया

बुरहानपुर। श्री सकलपंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज में एक महीने में करीब 15 लोगों की आकस्मिक मौत हुई है। अलग अलग कारणों से हुई मौतों के बाद समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि मृत आत्माओं की आत्म शांति और समाज के लोगों की लंबी उम्र के लिए हवन यज्ञ कराया जाना चाहिए। इसके तहत शनिवार को समाज की गुजराती समाज वाड़ी शनवारा में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक प्रार्थना,अभिषेक,यज्ञ का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष रमेश दलाल, उपाध्यक्ष सतीश शाह, सचिव उपेंद्र गुजराती ने बताया समाज में हाल के समय में हुई अकाकि देहावसान की घटनाओं को विराम देने और समाज पर प्रभु की कृपा हो इसे लेकर प्रभु से प्रार्थना, अभिषेक और यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान ओम महिम्न अभिषेक,सर्व बाधा मुक्ति यज्ञ का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी धन्नालाल दलाल ने बताया पंडित तेजस महाराज ने यज्ञ, पूजन प्रक्रिया पूरी कराई। समाज में किसी की बीमारी से तो किसी के गिरने या अन्य कारणों से मृत्यु के 15 मामले हुए इसलिए यह प्रार्थनए अभिषेकए यज्ञ का आयोजन किया गया। यह बताया गया महत्वओम महिम्न अभिषेक का महत्व , महिम्न अभिषेक भगवान शिव की महिमा का गुणगान है, जो शिवमहिम्न स्तोत्र के माध्यम से किया जाता है। इस स्तोत्र की रचना गंधर्वराज पुष्पदंत ने की थी और यह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। भक्तजन इसके माध्यम से शिव कृपा प्राप्त करते हैं।

महिम्न अभिषेक के लाभ:- शिव तत्व की प्राप्ति, समाज के लिए धन, वैभव, यश, कीर्ति,समाजजनों को दीर्घायु,उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद

सर्व बाधा मुक्ति यज्ञ:- यह एक शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान हैए जिसका उद्देश्य जीवनए समाज से समस्त बाधाओं, नकारात्मक ऊर्जाओंए कष्ट, समस्याओं से मुक्ति पाना।

शहर में जल व्यवस्था सीवरेज पेयजल जल आवर्धन योजना पाइप लाइन सुधार कार्य जारी, आयुक्त ने किया निरीक्षण

बुरहानपुर। नगर निगम द्वारा शहर में जल व्यवस्था सुधारने के लिए सीवरेज, पेयजल, जैसे जल आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइनें डालना, लीकेज ठीक करना ताकि नागरिकों को शुद्ध और निर्बाध पानी मिल सकेएशहर में कई जगहों पर अभी भी पुरानी लाइनों से पानी सप्लाई किया जा रहा है जिस पर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में जाकर पाइप लाइनो का सुधार कार्य किया जा रहा है । नगर पालिका निगम बुरहानपुर अंतर्गत जल कार्य विभाग से संबंधित दूषित जल नल लीकेज एवं पीने के पानी उत्पन्न समस्या एम पी यू डी योजना अंतर्गत विभिन्न शिकायतों के निराकरण हेतु नगर पालिक निगम द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 07325/ 255270 और 07325/255019 जारी किया गया है यह टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। नगर निगम आयुक्त द्वारा जहां सुधार कार्य किया जा रहा है वहां स्वयं जाकर मौके पर निरीक्षण भी किया जा रहा है और सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उक्त कार्य तत्काल पूर्ण करें।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की जल विभाग की टीम द्वारा राजघाट रोड जलप्रदाय के पुराने 16 नल कनेक्शन जो कि नालियों से होकर गुजर रहे थे उन्हें काटकर बंद कर पुराने पाइप निकले गए एवं वर्तमान में उक्त क्षेत्र में जलावर्धन योजना अंतर्गत जलप्रदाय किया जा रहा है। उसी दौरान टीम द्वारा राजघाट रोड बास की दुकानों के पास नाले पर जो कनेक्शन 41 दिए थे उन्हें भी आज काटा गया तथा पहले से जल आवर्धन योजना पाइप लाइन का पानी वितरित किया जा रहा है रास्तीपूरा वार्ड में 4 इंच स्लुस वाल्व लीकेज हो रहा था जिसे ग्लेन कर लीकेज रिपेयर किया गया डाकवाडी वार्ड में गोटी मोहल्ला में पाइप लाइन ब्लॉकेज रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा है लालबाग चिंचाला वार्ड में पाइप लाइन लीकेज कार्य किया जा रहा है शनवारा ओवरहेड टैंक की मोनो ब्लॉक मोटर पंप लीकेज रिपेयर कार्य किया गया शिकारपुरा वार्ड में कश्मीरा टेक्स्ट टाइल के पास लीकेज रिपेयर कार्य किया गया सरदार पटेल वार्ड में नल कनेक्शन रिपेयरिंग कार्य किए गए। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है हमारी जल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर हैं। शिकायत निवारण के लिए नागरिकों से लीकेज या गंदे पानी की समस्या दिखने पर निगम हेल्पलाइन पर तुरंत सूचित करने की अपील की जा रही है। आम जनता को सूचना भी दी जा रही है कि जल आवर्धन योजना अंतर्गत जिनके पास नल कनेक्शन है वे नल कनेक्शन खुले में ना छोड़े ।

भक्तों ने किए मोती माता के दर्शन,डेढ़ हजार क्विंटल मिठाई चढ़ाई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ग्राम लोखंडिया में मोती माता के मेले में शनिवार को पौष पूर्णिमा पर ध्वज चढ़ाया गया। माता का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई। करीब दो लाख भक्तों ने माता के दर्शन कर मिठाई चढ़ाई। सुबह 8 बजे से श्रद्धालु मेले में आने लगे।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण झामु पवार ने बताया पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए हैं। मंदिर ट्रस्ट सचिव प्रकाश राठौड़ ने बताया पहले दिन करीब डेढ़ हजार क्विंटल से ज्यादा मिठाई चढ़ाई गई। मंदिर पुजारी बाबू महाराज ने बताया पहले दिन दो लाख से ज्यादा भक्तों ने माता के दर्शन किए। मेला अध्यक्ष वसंत देवराम राठौड़ ने बताया की रविवार कों तीन लाख श्रद्धालू आने की संभावना है।

ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर महाजन ने बताया की मेले में पांच स्वास्थ्य शिविर लगाए हैंए ताकि किसी के बीमार होने पर जांच कर इलाज दिया जा सके। मेले में सुरक्षा के लिहाज से बुरहानपुरए खंडवाए खरगोन और बड़वानी जिलों के 220 पुलिस अफसर व कर्मचारी तैनात हैं। शनिवार कों मेले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,एसडीएम नेपानगर भागीरथ वाखला सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण झामु पवार, कोषाध्यक्ष बाबू महाराज, ट्रस्ट सचिव प्रकाश राठौड़ए ट्रस्ट सदस्य गणेश महाराज,हजारीसिंह चौहान,मदन सिंह राठौड, मेला अध्यक्ष वसंत राठौड़,हीरा महाराज , पंडित राठौड़, अशोक राठौड़,विजय राठौड़, ईश्वर जाधव, सुदाम पवार, ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर महाजन और सरपंच प्रतिनिधि रामदास जोगी सहित मेला समिति व मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे।

मोती माता मेला एक नजर

* 22 एकड़ में लगा मोती माता मेला।
* 15 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था।
* 150 से ज्यादा मिठाई की दुकानें।
* डेढ़ हजार क्विंटल मिठाई चढ़ाई।
* पहले दिन मंदिर में 15 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी
* मेला परिसर में 25 सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से निगरानी
* मेला परिसर में पुलिस की दो अस्थाई चौकी
* दोनों मुख्य मार्ग वन .वेए पहले दिन सुचारु रही यातायात व्यवस्था
* 15 चलित शौचालय, 3 बड़े सामूहिक स्थाई शौचालय
* मंदिर सेवा के लिए 110 स्वयंसेवक।

नगर पालिका की अनदेखी, शहर में आवारा पशुओं के विचरण से परेशानी

. नपा का ध्यान नहीं।

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। नगर पालिका की अनदेखी के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल लंबे समय से शहर में आवारा पशुओं के कारण आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि आवारा पशुओं के कारण नगर में हादसे भी हो रहे हैंए लेकिन फिर भी इस तरफकिसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं है। लंबे समय से नगर पालिका ने आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया है जबकि इसे लेकर 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस के समारोह के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों ने जमकर नाराजी जताई थी। हाल ही में जब स्ट्रीट डॉग ने कई लोगों को हमले का शिकार बनाया था तब कहीं नगर पालिका ने एक दो दिन के लिए ही स्ट्रीट डॉग को पकड़ने का अभियान चलाया था। वहीं आवारा पशुओं के कारण आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर कोई अभियान नहीं चलाया गया।

मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोग भी परेशान:-शहर में लोगों को सुबह और शाम के समय अधिक परेशानी हो रही है। दरअसल काफी संख्या में लोग सुबह के समय मॉर्निंग वॉक करने के लिए जाते हैं। ऐसे कई बार लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो रहे हैं। वहीं अन्य पालतू पशु भी या तो सड़क पर बैठे या विचरण करते नजर आते हैं। उनके द्वारा गंदगी भी की जाती है। शिकायत के बाद नगर पालिका की ओर से इस समस्या का निराकरण नहीं कराया जा रहा है।

नपा दफ्तर के सामने भी बैठते हैं पशु:-प्रतिदिन नगर पालिका कार्यालय के सामने आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। यह पशु रोड पर बैठते हैं जिसके कारण लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी होती है। नगर पालिका कार्यालय के सामने पहले से ही काफी संख्या में नपा के नए पुराने वाहन खड़े रहते हैं। ऐसे में यहां से लोगों को आने जाने में परेशानी और हादसे की आशंका भी रहती है। लोगों की मांग है कि नगर पालिका को इस समस्या की तरफजल्द ध्यान देना चाहिए।

अब भी कम नहीं हुई स्ट्रीट डॉग की संख्या:-हाल ही में नपा ने नगर में स्ट्रीट डॉग पकड़ने के लिए अभियान चलाया थाए लेकिन अब भी इनकी संख्या कम नहीं हुई है। इसके कारण अब भी लोगों को खासी परेशानी हो रही है। आमजन की मांग है कि नगर के सभी 24 वार्ड में अभियान चलाकर इस समस्या का निराकरण कराना चाहिए।

वरिष्ठता के लिए क्रमिक भूख हड़ताल पर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना के साथ वरिष्ठता के लिए अंबेडकर पार्क भोपाल में क्रमिक भूख हड़ताल प्रारम्भकी गई प्रांत अध्यक्ष परमानंद डेहरियाए प्रांत अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित, प्रदेश महासचिव मुकेश बघेल, मोहम्मद फारूक, श्रीमती प्रमिला सगरे, सेवानिवृत्ति एनपीएस प्रांत अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ,प्रांतीय उपाध्यक्ष सदानंद कापसे, महेंद्र ग्वालिया जी सभी विभागों के वरिष्ठता हेतु भोपाल मैं बैठे हैं वरिष्ठता के लिए नेशनल मूवमेंट ऑफओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांत अध्यक्ष परमानंद डेहरिया ने समन्वय समिति बनाकर प्रदेश के समस्त प्रांत अध्यक्ष को 4 जनवरी 2026 को अंबेडकर पार्क भोपाल में संयुक्त संघर्ष के लिए आमंत्रित किया है जिसके लिए समान में समिति प्रमुख ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के साथ.साथ सदस्य मुकेश बघेल मोहम्मद फारूक मोहम्मद हनीफ द्वारा समस्त प्रांत अध्यक्षों से चर्चा कर सहमति हेतु लगातार एक माह से प्रयासरत है नेशनल मूवमेंट ऑफ़ओल्ड पेंशन स्कीम मध्य प्रदेश चाहता है अलग.अलग संगठन वरिष्ठता के लिए आंदोलन कर रहे हैं सफलता नहीं मिल रही है क्यों ना हम सब मिल बैठकर संयुक्त संघर्ष वरिष्ठता के लिए करें क्योंकि यह समस्या केवल शिक्षा विभाग की नहीं है अन्य विभाग में भी इसकी तकनीकी खामियां हैं जिससे हम सबको मिलकर दूर करना है आप समस्त सम्माननीय शिक्षक शिक्षिका कर्मचारी भाइयों बहनों संयुक्त संघर्ष समन्वय बनाने हेतु अपनी आवाज़ को बुलन्द करने 4 जनवरी 2026 को अवश्य पहुंचिए।

रहमानपुरा में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 4 लोग घायल

नवभारत न्यूज, नेपानगर। ग्राम रहमानपुरा के रहने वाले ग्रामीणों से भरी एक ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने से करीब 4 लोग घायल हो गए। उन्हें मामूली चोंटें आई है। हादसा नावरा रहमानपुरा के पास एक टर्निंग पर हुआ। नावरा चौकी पुलिस के अनुसार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। शनिवार दोपहर रहमानपुरा से एक ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार होकर करीब 10 से अधिक ग्रामीण खकनार की ओर जा रहे थे तभी रहमानपुरा नावरा के पास टर्निंग में ट्रेक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में करीब पांच छह लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आ रही थी, लेकिन नावरा चौकी प्रभारी हेमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि करीब 4 लोग घायल हुए हैं,उन्हें भी गंभीर चोंटें नहीं आई है। वहीं ट्रॉली पलटने के बाद मौके पर काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। ग्रामीणों ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई।

सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले की 195 वी जयंती मनाई

नवभारत न्यूज,

इच्छापुर। माहत्मा फुले साख सहकारी संस्था मर्यादित इच्छापूर में सावित्रीबाई ज्योतिराव फूले की 195 वी जयंती पर संस्था अध्यक्ष रघुनाथ सिताराम चौधरी द्वारा शिक्षा रत्न सदित्री बाई फुले ज्योतिराव फूले के चित्र पर पुजा अर्चना कर माल्या अर्पन किया गया। इस मौके पर माली समाज के पूर्व अध्यक्ष बाजिराव शंकर चौधरी ने अपने सावित्री बाई फूले पर अपने विचार रखे। संस्था के सभी संचालक एव कर्मचारीगणो ने सावित्रीबाई फूले को नमन कर पुजन किया एवं माल्याअर्पन किया। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष डॉ अरुण भोलानकर, संचालक सुनिल सपकाडे, भागवत राव महाजन, भावण महाजन ,विदल पाटील, प्रकाश महाजन शब्बीर सेठ ,नगीन बाबुराव पंडीत। सतोष महाजन संस्था प्रबंधक आसिफ खान, योगेश महाजन, मयूर महाजन ,विशाल महाजन, आदीं ग्रामीण मौजूद थे।

खकनार में ऑल इज़ वेल नर्सिंग होम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज,

खकनार । मध्य भारत क्षेत्र की अग्रणी स्वास्थ्य संस्था ऑल इज़ वेल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खकनार शहर में अपनी एक नई सैटेलाइट क्लिनिक का शुभारंभ किया। यह नई इकाई ऑल इज़ वेल नर्सिंग होम, खकनार के नाम से मकान नंबर 115/1ए मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास, खकनार में प्रारंभ की गई है।

ऑल इज़ वेल नर्सिंग होमए खकनार में आम नागरिकों के लिए एमण्बीण्बीण्एसण् डॉक्टर द्वारा नि:शुल्क ओण्पीण्डीण् सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही यहां फार्मेसी सेवाए पैथोलॉजी सेवाए एम्बुलेंस सेवा तथा आधुनिक डे.केयर सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। नर्सिंग होम की सेवाएं प्रात: 08.00 बजे से सायं 08.00 बजे तक संचालित होंगी।

नर्सिंग होम को आधुनिक एवं उन्नत चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित किया गया हैए जिनमें ईण्सीण्जीण् मशीनए पेशेंट मॉनिटरए सिरिंज पंप तथा आपातकालीन परिस्थितियों के लिए इमरजेंसी क्रैश कार्ट शामिल हैंए जिससे मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके।

ऑल इज़ वेल नर्सिंग होम का उद्घाटन प्रदीप जाधव,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी तथा रविंद्र महाजन अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं पूर्व विधायक, शाहपुर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में सुश्री मंजू दादू विधायक, नेपानगरद्ध,अतुल जाधव,भाजपा युवा नेता, राहुल जाधव,जिला महामंत्री भाजपा,गजेंद्र पाटिल भाजपा युवा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि, राकेश सोलंकी ;जनपद अध्यक्ष, खकनार,निलेश चौकसे ,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, दगडू चौकसे, रोहन जाधव एवं सोनू भावसार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नंद प्रकाश चौकसे ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है,ताकि समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। यह कार्यक्रम कबीर चौकसे ,मैनेजिंग डायरेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत खैरनार यूरोलॉजिस्ट एवं डॉ. हर्षदा भंगाले ;पैथोलोजिस्ट भी उपस्थित रहे। ऑल इज़ वेल नर्सिंग होम,खकनार के शुभारंभ से खकनार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को उनके नजदीक ही सुलभ, किफायती एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

एक नजर — सावित्रीबाई फुले जयंती पर अर्चना चिटनिस का प्रेरक संदेश.....

नारी शिक्षा, आत्मनिर्भरता और भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण पर दिया बल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नारी शिक्षा की अग्रदूत, महान समाज सुधारिका और सामाजिक क्रांति की प्रतीक क्रांतिज्योति माता सावित्रीबाई फुले जी की 195वीं जन्म जयंती बुरहानपुर में गरिमामय और प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की गरिमामयी उपस्थिति में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा.सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जी भारतीय समाज में नारी चेतना की वह अमर मशाल हैंए जिनके प्रकाश से शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि जिस कालखंड में बेटियों की शिक्षा को पाप माना जाता थाए उस दौर में सावित्रीबाई फुले जी ने सामाजिक विरोधए अपमान और संघर्षों को सहते हुए ज्ञान का दीप जलाया और नारी शिक्षा,नारी सशक्तिकरण की ऐतिहासिक नींव रखी। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जी की जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं,बल्कि उनके विचारों को धरातल पर उतारने का संकल्प दिवस है। नारी शिक्षा, महिला सशक्तिकरणए पर्यावरण संरक्षण और कृषि नवाचार के माध्यम से उनके आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो वह केवल स्वयं का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य संवारती है। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यही सोच आज ग्रामीण भारत में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओं और अभियानों की आधारशिला बन रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित कृषि सखी कार्यक्रम का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 40 महिलाओं को 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह पहल ग्रामीण अंचलों में महिला नेतृत्व, कृषि नवाचार और आत्मनिर्भरता को नई दिशा दे रही है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रशिक्षित कृषि सखियाँ किसानों और शासन के बीच मजबूत सेतु बनेंगी। वे किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन,आधुनिक उपकरणों के उपयोग के साथ.साथ परंपरागत और प्राकृतिक खेती की उपयोगी विधियों से भी अवगत कराएँगी,जिससे खेती अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण.संवेदनशील बनेगी। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओष् अभियान की सफलता के बाद अब समय की मांग है कि ष्मिट्टी बचाओ, मानवता बचाओष् के संकल्प के साथ आगे बढ़ा जाए। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मृदा संवर्धन और मृदा स्वास्थ्य सुधार को प्राथमिकता देना अनिवार्य है।

गिरते भू.जल स्तर और बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि कृषि सखियाँ गाँव.गाँव जाकर जल संरक्षण,जल संचयनए वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को लेकर जन.जागरूकता फैलाएँगी, जिससे यह अभियान एक व्यापक जन. आंदोलन का स्वरूप ले सके।

इस अवसर पर नई शिक्षा नीति,एनईपी का उल्लेख करते हुए अर्चना चिटनिस ने कहा कि इतिहास साक्षी है.जब लॉर्ड मैकाले भारत आया थाए तब उसने स्वीकार किया था कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी प्राचीन ज्ञान परंपरा और सुदृढ़ गुरुकुल व्यवस्था में निहित है। इसी कारण औपनिवेशिक शासन ने भारतीयों को उनकी जड़ों से दूर करने के लिए ऐसी शिक्षा पद्धति लागू कीए जिसने हमें शिक्षित तो किया,लेकिन गुलाम मानसिकता में जकड़ दिया। उन्होंने कहा कि दशकों तक देश उसी औपनिवेशिक ढांचे में बंधा रहा, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ष्पंच प्रणष् के संकल्प के माध्यम से गुलामी की मानसिकता से पूर्ण मुक्ति का आह्वान किया है। यह केवल नारा नहीं बल्कि भारत के आत्म.सम्मान, आत्मविश्वास और आत्म निर्भरता का अभियान है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि मैकाले की शिक्षा नीति हमें बाबू बनाने के लिए थी, जबकि नई शिक्षा नीति भारतीय युवाओं को नवाचारी और उद्यमी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। आज भारत का युवा अपनी जड़ों से जुड़कर वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में चिंतामन महाजन, शांताराम चौधरी, काशीनाथ महाजन, प्रभाकर चौधरी, संभाजीराव सगरे,रूद्रेश्वर एंडोले, धनराज महाजन, दीपक महाजन, संभाजी महाजन, रमेश गवली, गणेश मानकर, रमेश नवलखे, महेन्द्र महाजन, वसंत चौधरी, पंडित माली, भागवत महाजन,प्रकाश चौधरी, प्रमोद सातव,पंडित सोनवणे,संजय महाजन ,पुंडलिक महाजन, गणेश महाजन, कृष्णा मानकर, मनोज महाजन सहित अन्य जन प्रतिनिधि व समाज के प्रमुखगण उपस्थित थे।